# डांसर सोनावने को मिली नई जिंदगी



**पुणे.** डांस की दुनिया के उभरते सितारे 25 साल के आदित्य सोनावने की जिंदगी तब बदल गई, जब उन्हें ब्लड कैंसर का पता चला. क्योंकि डांस आदित्य के लिए सिर्फ एक शौक नहीं था, बल्कि उनकी जीवन रेखा थी. उन्हें बचे रहने के लिए बोन मैरो ट्रांसप्लांट (बीएमटी) जरूरी था, परंतु यह बेहद खर्चीला था. ऐसे में उनकी मदद के लिए आगे आया मुकुल माधव फाउंडेशन. 4 नवंबर 2023 को उन्हें 10.50 लाख रुपये की आर्थिक मदद इस संस्था ने की, जिससे उनका इलाज हो सका. जिसके बाद उनके जीवन में नई उम्मीद जगी. उन्हें न सिर्फ नया जीवन मिला बलकि डांस की दुनिया में भी वे वापसी कर सके. कीमो के बाद उनके पहले प्रदर्शन को उनकी टीम ने उत्साहवर्धन किया.

### आया मुकुल माधव फाउंडेशन ने की मदद

## डांस में फिर दिखाएंगे जलवा

- ऐसे में जब जानलेवा बीमारी और इलाज के भारी-भरकम खर्च के आगे उनके सपने धूमिल होते दिख रहे थे, तब एमएमएफ ने गिव विद डिग्निटी की मूल भावना से उनकी मदद की.
- उनके समर्थन ने न केवल अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण के माध्यम से उनकी जान बचाई बल्कि उनके सपने को फिर से जगाया.
- जो उनकी शिक्षा और भविष्य की आकांक्षाओं का स्रोत था. उनकी कहानी सिर्फ विपरीत परिस्थितियों से बचे रहने के बारे में नहीं है, बल्कि अपने समुदाय के समर्थन की बदौलत संपन्न होने के बारे में है.
- यह हृदयस्पर्शी यात्रा दर्शाती है कि कैसे एक समुदाय किसी जरूरतमंद का उत्थान कर सकता है, जिससे वे न केवल जीवित रह सकते हैं, बल्कि आगे बढ़ सकता है.